# समाचार

# सुशासन तिहार समापन के पश्चात भी जनसमस्याओं के प्रति निरंतर संवेदनशील रहें अधिकारी – उद्योग मंत्री

**(निगम के सर्वमंगला नगर जोन में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व पार्षदों, जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति )**




कोरबा 27 मई 2025 – प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य व श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज अधिकारियों से कहा कि वे सुशासन तिहार के समापन के पश्चात आगे भी जनसमस्याओं के प्रति निरंतर सवेदनशील रहते हुए उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण का कार्य एलर्ट मोड पर जारी रखें, हमारी सरकार ने

सुशासन को सर्वोच्च स्थान पर रखा है, प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार के सत्ता में आने के बाद राज्य में एक बार फिर सुशासन स्थापित हुआ है, भ्रष्ट्राचार मुक्त शासन प्रशासन की संकल्पना को मूर्त रूप मिला है, हम सबको मिलकर इसे निरंतर बनाए रखना है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के सर्वमंगला नगर जोन में आयोजित समाधान शिविर के दौरान कही। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित किए जा रहे सुशासन तिहार–2025 के अंतर्गत आज नगर पालिक निगम कोरबा के सर्वमंगला नगर जोन कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन उक्त आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की, साथ ही महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व निगम के पार्षदगणों, जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति समाधान शिविर को प्राप्त हुई। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने शिविर में लगाए गए नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न विभागों व जिले के विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया तथा विभिन्न विभागों को प्राप्त मांग व शिकायत संबंधी आवेदनों के निराकरण की समीक्षात्मक जानकारी ली। समाधान शिविर को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि देश में लगातार तीसरी बार श्री नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने, उनके कुशल नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर अपनी जो सशक्त पहचान बनाई, उसका लोहा विश्व की महाशक्तियॉ भी मानती हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद है कि वे लगातार जनता के हितों की चिंता करते हैं, लोगों की समस्याएं त्वरित रूप से दूर हों, उनकी विकास संबंधी मांगे पूरी हों, उन्हें आवश्यक सुविधाएं सुगम रूप से मुहैया हों, इस दिशा में उनके द्वारा लगातार शासन प्रशासन को मार्गदर्शन मिल रहा है और इसी का परिणाम है, यह सुशासन तिहार–2025 का आयोजन। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि सर्वमंगला नगर जोन में निगम से संबंधित 676 आवेदन मिले, इनमें से 672 का निराकरण हो चुका, यह एक बड़ी उपलब्धि है, यह एक बानगी है, सुशासन तिहार की सफलता की। उन्होने कहा कि जब–जब हमारी सरकार बनती है अधिकतम जनकल्याण के कार्य होते हैं, डॉ.रमन सिंह जब प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तो गरीबों को मुफ्त में चावल देने वाली उनकी सरकार विश्व की पहली सरकार थी, उस वक्त मैं महापौर था, उन्हीं के आशीर्वाद से गली–गली में सी.सी. रोड, नाली, बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं पर ऐतिहासिक कार्य कराए गए थे, जिनके साक्षी हम सब हैं। इस मौके पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपस्थित नागरिकों को दी।

**<u>मात्र 15 माह में कोरबा में हुए ऐतिहासिक कार्य</u>** – इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में मात्र 15 माह में कोरबा में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं तथा उनके द्वारा लगभग 400 करोड़ रूपये के विकास कार्यो की स्वीकृतियॉ विभिन्न मदों के अंतर्गत दिलाई गई हैं। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री व उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव तथा उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में कोरबा का तेजी से विकास होगा, हमारा कोरबा समस्यामुक्त शहर का स्वरूप लेगा, यह आश्वस्त करती हूँ।

**<u>सुशासन तिहार में लाखों समस्याएं दूर की गई</u>** – इस मौके पर वरिष्ठ पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह हम सबके लिए प्रसन्नता व गौरव का विषय है कि सुशासन तिहार के दौरान प्रदेश में आमजनता की लाखों समस्याएं दूर की गई हैं तथा उनकी विकास संबंधी मांगों को पूरा किया गया है, उन्होने कहा कि अधिकारी अब अपने आफिस में बैठकर नहीं बल्कि जनता के बीच खुद जाकर उनकी समस्याओं का निराकरण करा रहे हैं, वास्तव में राज्य की जनता के आशीर्वाद से जब से मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार ने राज्य की बागडोर संभाली है, तब से प्रदेश में सुशासन का मार्ग प्रशस्त हुआ तथा भ्रष्ट्राचार के दरवाजे बंद हुए

**<u>हितग्राहियों को श्रम व राशन कार्ड</u>** – समाधान शिविर के दौरान उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज हितग्राही पारसबाई मरार को श्रद्धांजलि योजना का चेक प्रदान किए जाने के साथ ही हितग्राही प्रेम

कुमार, गंगोत्री चौहान, सुलोचना देवी साहू, बरदाना एक्का, अनसुईया देवी व रीना पूरी को राशन कार्ड प्रदान किए। इसी प्रकार सुखमनियादेवी को श्रमकार्ड तथा दुर्गेश्वरी देवी, अनीता सतनामी, सुन्नत बेगम, मनीषा सिंह को मजदूर कार्ड प्रदान किए गए, वहीं मानकीबाई व पारस बाई को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया व एक अन्य वरिष्ठ महिला नागरिक को छड़ी प्रदान की गई।

इस अवसर पर आयुक्त श्री विनय मिश्रा के साथ ही पार्षद नरेन्द्र देवांगन, भानुमति जायसवाल, बहत्तर सिंह, आरती सिंह, रामाधार पटेल, प्रेमकुमार साहू, मण्डल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, नरेन्द्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव, माधो जायसवाल, रामेश्वर वैष्णव, भागवत साहू, अनिल यादव, निगम के अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, तहसीलदार बजरंग साहू, जोन कमिश्नर अजीत तिग्गा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, धनश्याम श्रीवास, विवेक रिछारिया, सुशीलचंद सोनी, प्रमोद जगत, एसबी पटेल आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।